तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 मोदी ने 12 वर्षों में बदला भारत का स्वरूप, गरीब से लेकर वैश्विक ...



11 12 करोड़ के गौरव पथ से बदलेगी शहर की तस्वीर...



## खबर संक्षेप

### फाइनेंस के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** फाइनेंस कराकर रकम नहीं पटाकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि केलाबाड़ी दुर्ग निवासी शेखर देशमुख अंश मोबाइल आकाशगंगा सुपेला से बजाज फायनेंस से आईफोन फाइनेंस कराया था। इसके बाद अपने दोस्त अनुराग के नाम पर विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से मोबाइल, एसी, एलईडी टीवी समेत इलेक्ट्रॉनिक सामान फाइनेंस भी कराया। शेखर ने कुछ किस्त की राशि बैंक खातों में जमा कराई जाती रही। जिससे फाइनेंस की किस्त कटती थीं। लेकिन शेखर किस्त राशि जमा करना बंद कर दिया। जिसके कारण पीड़ित के खाते से राशि कटने लगा। विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से 1.73 लाख 513 रुपये की देय राशि शेष रह गया। जांच में आरोपी की संलिप्ता पाई गई। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने प्रकरण में वैधानिक साक्ष्य, संबंधित दस्तावेज जब्त किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### हैदराबाद जाने निकले युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** घर से हैदराबाद जाने के लिए निकले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना धमधा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मिर्झापुर निवासी सुरेश साहू 23 वर्ष का शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सुरेश का अपने घर में एक दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। रविवार सुबह करीब 6 बजे वह घर से बैग लेकर निकला और परिजनों से हैदराबाद जाने की बात कही थी। कुछ घंटों बाद उसका शव धमधा स्थित मरचुरी से करीब आधा किलोमीटर दूर पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की जेब से मोबाइल फोन और 20 रुपए का एक नोट मिला है।

### पत्नी की लाश कमरे में और पति फांसी पर लटका मिला

**भिलाई।** पत्नी की लाश घर में और पति फांसी के फंदे पर लटके मिलने का मामला सामने आया है। घटना थाना वैशाली नगर क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि वृंदानगर कैंप-1 निवासी जी वेंकटरमण मूर्ति 55 वर्ष और पत्नी जी विद्यवती 52 वर्ष के साथ रहते थे। दोनों का एक बेटा भी है जो ओडिशा में काम करता है। जी वेंकटरमण ऑटो चलाता था। रविवार की सुबह वेंकटरमण मूर्ति की मां घर पहुंचीं। उन्होंने सामने वाले कमरे में बहू विद्यावती का शव देखा। इसके बाद भीतर के कमरे में बेटा वेंकटरमण मूर्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। इसके बाद महिला ने अपने छोटे बेटे मदन राव को घटना की जानकारी दी।

# हाईवे किनारे भारी मात्रा में बायो-मेडिकल वेस्ट मिलने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर ग्राम कन्तेली के पास दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाईवे के किनारे भारी मात्रा में बायो-मेडिकल वेस्ट (जैविक चिकित्सकीय अपशिष्ट) मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सड़क किनारे खुले में पड़े इस खतरनाक कचरे में उपयोग की गई सिरिंज, ग्लूकोज की बोतलें, इंजेक्शन, एक्सपायरी दवाइयां, मेडिकल पैकिंग सामग्री तथा अन्य चिकित्सकीय उपकरण शामिल हैं। यह नजारा न केवल पर्यावरणीय नियमों की खुलेआम अनदेखी को उजागर कर रहा है, बल्कि आम लोगों और मवेशियों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों ने जब सड़क किनारे बड़ी मात्रा में मेडिकल कचरा बिखरा देखा तो चिंता बढ़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अपशिष्ट कई दिनों से यहां पड़ा हुआ है, लेकिन अब तक किसी भी जिम्मेदार विभाग ने इसकी सुध नहीं ली है। खुले में पड़े इस जैविक कचरे के कारण संक्रमणजनित बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। सबसे गंभीर बात यह है कि क्षेत्र में घूमने वाले मवेशी और आवारा पशु भी इस कचरे के संपर्क में आ रहे हैं, जिससे पशुओं में संक्रमण फैलने के साथ-साथ यह खतरा अप्रत्यक्ष रूप से इंसानों तक भी पहुंच सकता है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## झोलाछाप डॉक्टरों पर ग्रामीणों को संदेह

### संक्रमण और महामारी का खतरा

चिकित्सकीय विशेषज्ञों के अनुसार संक्रमित सिरिंज और मेडिकल अपशिष्ट के संपर्क में आने से हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, टिटनेस तथा अन्य संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा रहता है। यदि ऐसे कचरे का समय पर सुरक्षित निपटान नहीं किया जाए तो यह पर्यावरण को प्रदूषित करने के साथ-साथ जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर संकट बन सकता है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक चिंताजनक हो सकती है, क्योंकि संक्रमित पदार्थ जल स्रोतों तक पहुंचकर व्यापक क्षेत्र को प्रभावित कर सकते हैं।



### दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों की पहचान करने तथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल मेडिकल कचरे को हटाने, उसके स्रोत की जांच करने और अवैध क्लीनिकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने की मांग की है।

**समस्या**

**शासकीय स्कूलो में लगातार घट रही बच्चों की संख्या**

# आज से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ नहीं पहूंची गणवेश और पुस्तके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

शिक्षण सत्र 2026-27 का आज से आगाज हो रहा है और थान खम्हरिया तहसील के किसी भी संकूल केन्द्र मे यूनिफार्म और पुस्तके नही पहूंच पायी है जबकि इस वर्ष स्कूल का नजारा बदला बदला सा होगा इस वर्ष कक्षा पहली से आठवी तक के शासकीय स्कूलो के यूनिफार्म कोड बदल चूका है अब सिलेटी कलर का चेक सर्ट व सिलेटी कलर पेट मे शासकीय स्कूल के बच्चो पजर आयेंगे यही कारण है कि अबी तक यूनिफार्म नही पहूंच पायी है बच्चे अभी पुराने गणवेश से ही काम चलायेंगे।इस वर्ष भी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल को नयी भवन नसीब नही होगा निर्माण शुरू होने के 4 साल बीत जाने के बाद भी आज भवन अधूरा है।विभाग व निर्माण एजेंसी के लापरवाही के चलते निर्माण कार्य धीमी गति से चल रही है इस भी अब स्कूल कन्या शाला भवन मे संचालित होगी।थान खम्हरिया बालक व बालिका, कोपेडबरी, हाटरांका, ठेलका, बनरांका, नवागांवकला, खा ती, खैरझिटीकला जैसे संकूल केन्द्रो नये शिक्षण सत्र शुभारंभ हेतु तैयारी पूरी कर ली गयी है। संकूलो मे पुस्तके उपलब्ध नही होने से नवीन शाला प्रवेशी बच्चो का पठन कार्य प्रभावित होगा। नये शिक्षण सत्र तो प्रारंभ हो रही है परंतु अनेक स्कूल प्रागण मे बरसात के दिनो में जलभराव से निपटने कोई जरूरी कदम नही उठाये गये है,नगर के भारतमाता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण मे भारी जल भराव से बच्चो के लिए समस्या उत्पन्न करती है।इस कैम्पस मे आत्मानंद स्कूल को मिलाकर करीब 1500 बच्चे पढाई करते है। हर साल यहा वर्षा जनित बीमारी का खतरा बना रहता है।

सरकार बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, गणवेश, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति, बालिकाओं को साइकिल और स्कूल भवन जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं, ताकि आर्थिक कारणों से कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, लेकिन पिछले तीन वर्ष के सरकारी आंकड़े ही एक चिंताजनक तस्वीर पेश कर रहे हैं।पिछले तीन वर्षों में थिन ▶▶| शेष पेज 11 पर

- आत्मानंद स्कूल भवन 4 साल बाद भी अधूरी





### चार साल बाद भी आत्मानंद स्कूल भवन अधूरी

थान खम्हरिया के आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कुल भवन का निर्माण कार्य 2022 मे प्रारंभ हुआ और चार बाद भी आज अधूरी है,धीमी गति से निर्माण चलने से लगता है इस वर्ष भी बच्चो को नये भवन नही मिल पायगी।उधारी के भवन मे संचालित हो रहे आत्मानंद स्कूल मे प्राचार्य कक्ष,मिटिंग हाल,प्रयोगशाला, शिक्षक कक्ष,खेल मैदान,रसोई कक्ष तथा कम्प्युटर कक्ष की कमी के चलते बच्चो के साथ साथ शिक्षको को भी परेशानी उठानी पड़ती है।शासन ने आत्मानंद भवन निर्माण हेतु 01करोड़ की राशि स्वीकृति के बाद विभाग ने और राशि रिवाइज की है इसके बावजूद बी निर्माण एजेंसी कार्य मे लापरवाही बरतते हुए 4 वर्ष मे भी काम पूर्ण नही कर पायी है। वर्तमान में उकृत स्कूल कन्या शाला के अतिरिक्त भवन मे संचालित हो रही है,मध्यान्ह भोजन हेतु बर्तन व रसोई घर का उपयोग भी कन्या शाला के भरोसे पर चल रही है।कुल मिलकर आत्मानंद स्कुल के भवन विहिन होने से अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, 11 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर लगाम कसने के लिए प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 वाहनों को जब्त किया है। खनिज विभाग द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए गए वाहनों पर कार्रवाई की गई। जब्त वाहनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तीन लाख रुपये से अधिक की अर्थदण्ड राशि वसूलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मउ क्षेत्र में जांच के दौरान खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 7 वाहनों को जब्त किया गया। इन वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से थाना चंदनू की अभिरक्षा में रखा गया है। वहीं जेवरा-कठिया क्षेत्र में भी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त 4 वाहनों को जब्त कर थाना बेमेतरा के सुपुर्द किया गया। खनिज विभाग ने सभी जब्त वाहनों के विरुद्ध अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज किया है। अधिकारियों के मुताबिक खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23-ख के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए लगभग तीन लाख रुपये से अधिक की अर्थदण्ड राशि वसूल की जाएगी तथा प्रकरणों का प्रशमन किया जाएगा।

**प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए अभियान रहेगा जारी:** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने स्पष्ट किया है कि जिले में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा शासन को होने वाली राजस्व हानि रोकने के लिए अवैध खनिज गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने संबंधित ▶▶| शेष पेज 11 पर

- तीन लाख से अधिक अर्थदण्ड वसूला जाएगा

# खुरुसबोड में विकास के दावे फेल, बारिश से पहले ही सड़कें बनीं दलदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत खुरुसबोड एवं इसके आश्रित ग्राम जामगांव और कोहकाबोड में विकास कार्यों की पोल खुलती नजर आ रही है। शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और अधोसंरचना विकास के लिए हर वर्ष लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास के नाम पर खर्च की गई राशि का लाभ धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा, जिसके कारण क्षेत्र के लोग बदहाली भरे जीवन जीने को मजबूर हैं। सबसे गंभीर समस्या खुरुसबोड गांव की मुख्य सड़क की है, जहां नाली और ड्रेनेज व्यवस्था के अभाव में घरों से निकलने वाला गंदा पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। गांव के प्रवेश मार्ग से लेकर मुख्य चौक तक जलभराव और कीचड़ की स्थिति बनी हुई है। सड़क कई जगहों पर उखड़ चुकी है और गंदे पानी के जमाव के कारण यह मार्ग राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरे का कारण बन गया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के मुख्य चौक में चौबीसों घंटे दूषित पानी जमा रहता है, जिससे न केवल दुर्गंध फैल रही है बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। बरसात शुरू होने से पहले ही हालात इतने खराब हैं कि आगामी मानसून में स्थिति और भयावह होने की आशंका जताई जा रही है।

- नाली और ड्रेनेज व्यवस्था के अभाव में मुख्य मार्ग पर बह रहा गंदा पानी, ग्रामीणों में भारी नाराजगी



### संपर्क मार्ग बना दुर्घटनाओं का केंद्र

खुरुसबोड को आसपास के गांवों से जोड़ने वाली मुख्य सड़क लगातार जलभराव के कारण दलदल में तब्दील हो चुकी है। सड़क पर बने गड्ढों और कीचड़ से दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई पहल नहीं की गई है।

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रशासन, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों पर विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन योजनाओं का उद्देश्य गांवों ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कलेक्टर ने आमजनों की समस्याएं सुनीं जनदर्शन में मिले 66 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रत्येक सोमवार आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टरेट में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया । आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश ▶▶| शेष पेज 11 पर

- कई मामलों का मौके पर निराकरण



**बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकताः विधायक दीपेश**

# जिले में 151.52 लाख की लागत से बनेंगे बाल संप्रेषण गृह, किशोर न्याय बोर्ड व बाल कल्याण समिति भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मोहभट्ठा-कोबिया मार्ग स्थित में शासकीय बाल संप्रेषण गृह, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

यह भवन 151.52 लाख की लागत से निर्मित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू तथा अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय सिन्हा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने भवन निर्माण कार्य को गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने की कामना की। निर्माणाधीन भवन के पूर्ण होने के बाद जिले में बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं को एक समुचित एवं आधुनिक आधारभूत संरचना उपलब्ध होगी। इससे जरूरतमंद एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को सुरक्षित, सुविधाजनक और संवेदनशील वातावरण मिल सकेगा तथा बाल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों के संचालन में भी प्रभावशीलता आएगी।



**केवल भवन नहीं, बच्चों के बेहतर भविष्य का आधार : विधायक दीपेश साहू:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि बच्चों का संरक्षण, उनके अधिकारों की रक्षा और उनका उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना समाज एवं शासन की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बाल कल्याण एवं संरक्षण के क्षेत्र में लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भवन केवल एक निर्माण कार्य नहीं है, बल्कि ऐसे बच्चों के लिए सुरक्षा, मार्गदर्शन और बेहतर अवसरों का केंद्र बनेगा जिन्हें विशेष संरक्षण एवं सहयोग की आवश्यकता होती है। इससे बाल संरक्षण संस्थाओं को मजबूती मिलेगी और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विधायक श्री साहू ने कहा कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा जनकल्याण से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### विकास कार्यों को मिल रही निरंतर गति : विजय सिन्हा

नगर पालिका परिषद बेमेतरा के अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा ने कहा कि शहर में आधारभूत एवं सामाजिक विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। बाल संरक्षण से जुड़े इस महत्वपूर्ण भवन के निर्माण से जिले को एक नई एवं उपयोगी सुविधा प्राप्त होगी। सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को भी नगर पालिका द्वारा प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में युगल देवांगन, अशोक शर्मा,खिलेश्वरी पाटिल, पंचू साहू, विकास तम्बोली, गौरव साहू, नीतू कोठारी, चांदनी रोशन दत्ता, संदीप यादव,कमलेश वर्मा, रोहित साहू एवं सोनू साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सागर साहू, सब इंजीनियर राजेश बाजपेयी, योगेश शुक्ला, महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी मनोरमा साहू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव, परियोजना समन्वयक राजेंद्र चंद्रवंशी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# उर्वरक विक्रेता पर कार्रवाई लाइसेंस 15 दिनों के लिए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उर्वरक निरीक्षक नवागढ़ द्वारा मेसर्स कृषि विकास केन्द्र, ग्राम मानिकपुर, विकासखंड नवागढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। प्रतिष्ठान द्वारा प्रस्तुत जवाब का परीक्षण करने पर उसे असंतोषजनक पाया गया।

इसके पश्चात उर्वरक निरीक्षक एवं सह प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री राकेश कुमार चतुर्वेदी द्वारा मेसर्स कृषि विकास केन्द्र के उर्वरक प्राधिकार पत्र को निलंबित करने की अनुशंसा सहित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव के आधार पर प्राधिकृत अधिकारी सह उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना ने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खंड 31(क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मेसर्स कृषि विकास केन्द्र, ग्राम मानिकपुर, विकासखंड नवागढ़, जिला बेमेतरा के उर्वरक प्राधिकार पत्र क्रमांक एफ बी एम टी 542/2025 को 15 दिवस के लिए निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित प्रतिष्ठान द्वारा उर्वरकों के भंडारण एवं विक्रय संबंधी किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि संचालित नहीं की जा सकेगी।

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों की रक्षा एवं गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिले में निरीक्षण एवं कार्रवाई की प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी ।

## खबर संक्षेप

### जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**कवर्धा।** मत्स्य विभाग द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम, 1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के अंतर्गत 16 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अवधि के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जलाशयों, नदियों तथा जल स्त्रोतों में मत्स्याखेट (मछली पकड़ने) का कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि ऐसे छोटे तालाब एवं अन्य जल स्त्रोत, जिनका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है तथा जिनमें केज कल्चर संचालित किया जा रहा है, इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। मत्स्य विभाग ने बताया है कि बंद ऋतु का उद्देश्य मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को संरक्षण प्रदान करना तथा मत्स्य संसाधनों की दीर्घकालिक वृद्धि सुनिश्चित करना है।

### कबीरधाम जिले में 111.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कवर्धा।** जिले में एक जून से आज तक 111.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 17.1 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 17.8 मिमी, बोड़ला तहसील में 18.6 मिमी, स. लोहारा तहसील में 0.0 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 0.0 मिली मीटर, कुण्डा तहसील में 6.9 मिमी, पिपरिया तहसील में 38.6 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 12.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 15 जून की स्थिति में पिछले चैबीस घंटे में जिले में 10.6 मिमी वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 1.5 मिमी, पंडरिया तहसील में 0.0 मिमी, बोड़ला तहसील में 0.0 मिलीमीटर, स.लोहारा तहसील में 0.0 मिमी, रेंगाखार तहसील में 0.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 7.0 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 2.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## निधन

### कृष्ण कुमार यादव



**कवर्धा।** भोरमदेव शक्कर कारखाना में मुख्य गन्ना विकास अधिकारी के पद पर रहे कृष्ण कुमार यादव का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। श्री यादव के भोरमदेव शक्कर कारखाना में विगत 25 वर्षो से सेवारत थे। उनके द्वारा सेवा अवधि में कारखाना में अमूल्य योगदान देते हुए कबीरधाम क्षेत्र में गन्ना विकास और उत्पादन में अहम भूमिका निभाई गई, जिसके कारण आज कबीरधाम जिला में दो सहकारी शक्कर कारखाना के साथ-साथ सैकड़ो गुड़ उद्योग संचालित है। श्री यादव के निधन से कारखाना कर्मचारियों एवं क्षेत्र के किसानो में शोक व्याप्त है। उनके दुखद निधन पर शोक प्रकट करते हुए कारखाना कर्मचारियों व अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष की तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कबीरधाम द्वारा बालोदान के सामने 3 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

प्रदर्शनी का शुभारंभ राष्ट्रीय कृषि कर्मठ पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती अदिति कश्यप एवं शिवकुमार चंद्रवंशी के साथ भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं राजेंद्र चंद्रवंशी जिला अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके पश्चात अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, अधोसंरचना विकास, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं गरीब वर्ग के उत्थान हेतु संचालित योजनाओं तथा भारत की वैश्विक उपलब्धियों को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय कृषि कर्मठ पुरस्कार से सम्मानित जिले की प्रगतिशील कृषक श्रीमती अदिति कश्यप एवं शिवकुमार चंद्रवंशी का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। अतिथियों ने दोनों कृषकों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य कर जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उनके अनुभव अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

उन्होंने कहा कि यह छायाचित्र प्रदर्शनी आम नागरिकों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों और विकास यात्रा से अवगत कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

### विश्व पटल पर भारत की एक अलग पहचान बनीः राजेन्द्र चन्द्रवंशी



जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को साकार करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। यह प्रदर्शनी जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का प्रयास है, जिससे लोग विकास कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें। कोषाध्यक्ष एवं प्रदर्शनी संयोजक विक्की अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय इस छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की 12 वर्षों की विकास यात्रा को आकर्षक छायाचित्रों एवं जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, संतोष पटेल, महामंत्री नितेश अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, जसविंदर बग्गा, अशोक चंद्रवंशी, पर्यटन वर्मा जिला उपाध्यक्ष कृष्णकुमार वैष्णव जिला उपाध्यक्ष, चंदन पटेल जिला मंत्री उतरा साहू जिला मंत्री अनीता ध्रुवे जिला मंत्री, सतविंदर पाहुजा मंडल अध्यक्ष वीर सिंह पटेल कवर्धा ग्रामीण कवर्धा सानू साहू महामंत्री कवर्धा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों की सराहना की।

## कार्रवाई : आरोपियों के पास से 29 लाख की संपत्ति बरामद

# विद्युत सामग्री गबन प्रकरण का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस चौकी दशरंगपुर, थाना पिपरिया एवं साइबर सेल कबीरधाम की संयुक्त टीम द्वारा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत विद्युत सामग्री के गबन एवं चोरी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रकरण में लगभग 29 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद कर जप्त की गई है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गत 14 मई 2026 को प्रार्थी शैलेन्द्र वर्मा, पिता लखनलाल वर्मा, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम टोंहड, थाना तिल्दा, जिला रायपुर छत्तीसगढ़, हाल पता वार्ड क्रमांक-08 आनंद विहार कॉलोनी (कलेक्टर कॉलोनी), कवर्धा द्वारा चौकी दशरंगपुर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई।

शिकायत में बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत ग्राम कोसमंदा में पेटी ठेकेदार तिवारी कंस्ट्रक्शन द्वारा विद्युत कार्य संपादित किया जा रहा था।

कार्य निष्पादन हेतु जारी की गई विद्युत केबल, कंडक्टर एवं अन्य सामग्री को अधिकृत प्रतिनिधि सोनु तिवारी एवं उसके सहयोगियों द्वारा आपराधिक षड़यंत्र के तहत चोरी-छिपे बाहर ले जाकर विक्रय किया जा रहा था। शिकायत पर चौकी दशरंगपुर, थाना पिपरिया में अपराध क्रमांक 166/2026, धारा 316(5), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया तथा प्रार्थी एवं अन्य गवाहों के कथन दर्ज किए गए।

पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत मेमोरेण्डम कथन लिया गया, जिसके आधार पर अन्य सहआरोपियों की संलिप्तता का भी खुलासा हुआ।




### चोरी की विद्युत सामग्री व वाहन जप्त

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने विद्युत केबल एवं कंडक्टर कुल वजन 2470 किलोग्राम अनुमानित मूल्य 6,00,000 रूपए, घटना में प्रयुक्त आईशर ट्रक क्रमांक यूपी-14 आरटी-6618 अनुमानित मूल्य 15,00,000 रूपए, महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ वाहन अनुमानित मूल्य 8,00,000 रूपए जप्त किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को सोमवार को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला कबीरधाम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही कबीरधाम जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न की गई, जिसमें पुलिस चौकी दशरंगपुर, एवं साइबर सेल कबीरधाम की संयुक्त टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### प्रकरण में गिरफ्तार किए गए आरोपी

पुलिस चोरी के इस मामले में आरोपी सोनु तिवारी, पिता अमृतलाल तिवारी, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बंगला सिरिया, थाना सिरिया, जिला बहराइच (उ.प्र.), दिनेश प्रताप शर्मा, पिता रामानंद शर्मा, उम्र 46 वर्ष, निवासी थाना गिलौला, जिला श्रावस्ती (उ.प्र.), अभिषेक बघेल, पिता इंद्रपाल बघेल, उम्र 24 वर्ष, निवासी मोरकीघाट, थाना रोल, जिला भिंड (म.प्र.), . ददनु तिवारी, पिता नानबच्चा तिवारी, उम्र 36 वर्ष, निवासी घरवा, थाना गिलौला, जिला श्रावस्ती (उ.प्र.) तथा. घनश्याम आजाद, पिता तेजराम आजाद, उम्र 31 वर्ष, निवासी कमौलिया, थाना बहराइच (देहात), जिला बहराइच (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया है।

# साप्ताहिक बाजार में जेबकतरों का आतंक



- एक सप्ताह में नगर के बाजार में दूसरी बड़ी वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर के साप्ताहिक बाजार में जेबकतरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार पुलिस प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर बेपरवाह नजर आ रहा है।

भीड़भाड़ वाले बाजार में एक सप्ताह के भीतर दूसरी बड़ी पॉकेटमारी की घटना सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते सक्रिय होती और बाजार में प्रभावी निगरानी रखी जाती तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। जानकारी के अनुसार पांडातराई निवासी का भी शनिवार को साप्ताहिक बाजार में खरीददारी करने पहुंचे थे।

इसी दौरान अज्ञात जेबकतरों ने भीड़ का फायदा उठाकर उनकी जेब से लगभग 5 हजार रुपए नकद, पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिए। खरीदारी के दौरान जेब की जांच करने पर उन्हें घटना का पता चला। काफी तलाश के बाद भी चोरी किए गए सामान का कोई सुराग नहीं मिल पाया। हैरानी की बात यह है कि यह कोई पहली घटना नहीं है।

विगत शनिवार को गड़ई के निवासी शिक्षक सुरेश चंद्रवंशी की जेब से भी करीब 7 हजार रुपये चोरी हो गए थे। लगातार दो सप्ताह में हुई इन वारदातों ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा न तो विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई और न ही बाजार क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के कोई ठोस प्रयास दिखाई दिए।

माना जा रहा है कि पुलिस प्रशासन की इसी लचर व्यवस्था के चलते चोर, उचक्कों, जेबकतरों और आपराधिक व असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद और वे लगातार छोटी बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि पुलिस प्रशासन इन लोगों पर लगाम लगाने कोई ठोस तथा प्रभावी कार्ययोजना बनाए और उस पर पूरी गंभीरता के साथ अमल करे।

### काम चलाऊ होती है पुलिस व्यवस्था

लोगों का आरोप है कि साप्ताहिक बाजार के दिन हजारों लोगों की भीड़ जुटती है, लेकिन पुलिस की मौजूदगी नाम मात्र की रहती है। जेबकतरे खुलेआम वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं और पुलिस घटना के बाद केवल औपचारिकता निभाती नजर आती है। नागरिकों का कहना है कि बाजार में सक्रिय जेबकतरा गिरोह लंबे समय से लोगों को निशाना बना रहा है, फिर भी पुलिस की ओर से कोई प्रभावी अभियान नहीं चलाया गया।

### चुस्त करनी होगी पुलिस व्यवस्था

व्यापारियों और ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली यही रही तो बाजार आने वाले लोगों का भरोसा टूट जाएगा। लोगों ने मांग की है कि बाजार क्षेत्र में सादे कपड़ों में पुलिस जवान तैनात किए जाएं, सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई जाए तथा सक्रिय जेबकतरों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लगातार सामने आ रही पॉकेटमारी की घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस का भय समाप्त होता जा रहा है। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इन घटनाओं को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करता है या फिर जेबकतरे इसी तरह आम लोगों की मेहनत की कमाई पर हाथ साफ करते रहेंगे।

# सड़क किनारे ग्रामीण का शव मिलने से मचा हड़कंप

- अत्यधिक शराब सेवन से मौत की आशंका, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा से होकर गुजरने वाली रायपुर रोड स्थित महेन्द्रा शोक रूम के पास सोमवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी राहगीरों ने तत्काल कवर्धा पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है और अब आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह रायपुर रोड स्थित महेन्द्रा शो रूम के पास उस समय हड़कंप दमंच गया जब लोगों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। लोगों ने इसकी जानकारी कवर्धा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर उसकी पहचान ग्राम छिरहा निवासी विश्वनाथ गेन्द्रे के रूप में की है।

बताया जाता है कि प्राथमिक जांच में मृतक के शरीर में किसी प्रकार के कोई चोट के निशान नहीं मिलने है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि ग्रामीण की मौत अत्यधिक शराब सेवन से हुई होगी।

बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया की मौत की सही वजह पोस्ट मार्टम के बाद ही सामने आएगी और उसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर बांधा व चांहटा को मिली विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक, छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों और अनुशंसा से जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बांधा एवं ग्राम पंचायत घोंघा के आश्रित ग्राम चांहटा में महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात मिली है।

सोमवार को इन जनहितकारी निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बांधा में ग्रामीणों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए 19 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत घोंघा के आश्रित ग्राम चांहटा में मंगल भवन एवं मुक्ति धाम शेड निर्माण कार्य की



सौगात मिली है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री नितेश अग्रवाल, जनपद पंचायत बोड़ला के उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि रुपलाल साहू, ग्राम पंचायत बांधा के सरपंच रामदयाल साहू, बूथ अध्यक्ष राजेश नेताम, निर्मय धुर्वे, ग्राम पंचायत घोंघा के सरपंच फुलेश मेरावी, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य स्वीकृत हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए स्वीकृत इन कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार जताया।

## सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों का सशक्त हथियार- डॉ. सिंगरौल

# संचालक ने मजदूरों से संवाद कर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सामाजिक अंकेक्षण इकाई के संचालक डॉ. जीतेन्द्र कुमार सिंगरौल ने कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के टोला में महात्मा गांधी नरेगा योजना में सामाजिक अंकेक्षण के दौरान ग्रामीण मजदूरों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही पर जानकारी ली। ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के लिए उनका ज्ञानवर्धन किया।

डॉ. सिंगरौल ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण मजदूरों के हाथ में एक प्रभावी और सशक्त हथियार है, जिसके द्वारा सुनिश्चित किया जा सकता है कि योजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित कार्यों में सही हुआ है अथवा नहीं।

सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया में मजदूरों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ग्राम सभाओं को अधिक सशक्त बनाता है तथा



लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उद्देश्य केवल परिसंपत्तियों का निर्माण करना नहीं है, बल्कि ऐसी स्थायी परिसंपत्तियाँ विकसित करना है जिनका लाभ आने वाली पीढ़ियों को प्राप्त हो। डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण एवं अन्य जल संरक्षण संबंधी कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ भू-जल स्तर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### डॉ. सिंगरौल ने ग्रामीणों से किया आह्वान

डॉ. सिंगरौल ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन से जुड़े कार्यों को गंभीरता और ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि यदि आज जल संरक्षण के कार्य प्रभावी ढंग से किए जाएंगे, तो भविष्य की पीढ़ियों को जल संकट जैसी गंभीर समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गांवों और टोलों में जाकर मजदूरों से सीधे संवाद करना इस बात का प्रमाण है कि सामाजिक अंकेक्षण केवल कागजी आंकड़ों तक सीमित प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों को उनके अधिकारों, योजनाओं की उपयोगिता तथा विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने का एक सशक्त माध्यम है। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के साथ सामाजिक अंकेक्षण इकाई के जिला प्रभारी दुर्गेश कुमार यादव, ब्लॉक सामाजिक अंकेक्षण प्रदाता विनोद साहू, ग्राम सामाजिक अंकेक्षक संजय चंद्रवंशी, सुलोचनी कश्यप व नीलम पटेल के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# 90 पौवा शराब के साथ दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

स. लोहारा पुलिस ने मुखबिर से सूचना प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब बिक्री के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 90 पौवा देशी शराब तथा एक मोटर सायकल जप्त की है। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स. लोहारा पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति मोटरसाइकिल में अवैध रूप से शराब का परिवहन कर विक्रय के लिए ले जा रहे हैं। सूचना पर थाना लोहारा एवं साइबर थाना कबीरधाम की संयुक्त टीम द्वारा गुप्ता क्रेशर खदान रोड ईरीमकता क्षेत्र में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान मोटर साइकिल क्रमांक सीजी-09 डी-7772 सीडी डीलक्स (काला रंग) में सवार तीन आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उनकी पहचान अमृत कोसरे पिता मुक्तावन कोसरे उम्र 34 वर्ष निवासी उड़ियाकला, भागवत सोनवानी पिता सुंदरलाल सोनवानी उम्र 19 वर्ष निवासी ढोढमानवापारा तथा राजाराम पाली पिता हरिराम पाली उम्र 26 वर्ष निवासी बचेड़ी, थाना लोहारा, जिला कबीरधाम के रूप में की गई। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से दो प्लास्टिक बोरियों में रखी कुल 90 पौवा देशी प्लेन शराब (शोले ब्रांड) बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 16.200 बल्क लीटर एवं अनुमानित कीमत 7,200 रुपये है।

साथ ही परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक 07772, कीमत लगभग 35,000 रुपये, जप्त की प्रकार कुल 42,200 रुपये मूल्य की मशरूका जप्त की गई। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत दंडनीय पाए जाने पर थाना लोहारा में अपराध क्रमांक 71/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज व कृषि महाविद्यालय तक आवागमन होगा सुगम

# 12 करोड़ के गौरव पथ से बदलेगी शहर की तस्वीर, मिलेगी भारी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रामनगर क्षेत्र में पुरानी पिलारी नहर के किनारे नए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से इस मार्ग को गौरव पथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद शहरवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा।

गौरव पथ लोहारा नाका स्थित भाजपा के नवनिर्मित भवन के पीछे से सांसद निवास होते हुए राजनांदगांव बायपास मार्ग तक जुड़ेगा। लंबे समय से स्थानीय नागरिक इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे थे। शहर के विस्तार और बढ़ते यातायात को देखते हुए यह सड़क भविष्य की महत्वपूर्ण जरूरत मानी जा रही है। नए मार्ग का सबसे बड़ा लाभ हाईटेक बस स्टैंड तक पहुंच में मिलेगा।

वर्तमान में बस स्टैंड तक पहुंचने के लिए अधिकांश लोग ठाकुर देव चौक मार्ग का उपयोग करते हैं, जिससे कई बार यातायात का दबाव बढ़ जाता है। गौरव पथ बनने के बाद लोगों को एक वैकल्पिक, चौड़ा और सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। इसके अलावा बस स्टैंड के समीप निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज तक पहुंच भी आसान हो जाएगी। आने वाले वर्षों में मेडिकल कॉलेज शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में मरीज, छात्र, चिकित्सक और कर्मचारी यहां पहुंचेंगे। ऐसे में यह मार्ग क्षेत्र की प्रमुख लाइफ-लाइन साबित होगा। इसी क्षेत्र में शासकीय संत कबीर कृषि महाविद्यालय भी संचालित है, जिससे भविष्य में आवागमन और बढ़ने की संभावना है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की दूरदर्शी सोच के अनुरूप शहर की दीर्घकालीन जरूरतों को ध्यान में रखकर गौरव पथ का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बारिश के बाद कार्य में और तेजी आने की उम्मीद है तथा दीपावली तक परियोजना पूर्ण होने की संभावना है।

#### भविष्य की जरुरतों को देखते हुए तैयार हो रहा वैकल्पिक कॉरिडोर



कवर्धा शहर तेजी से विस्तार की ओर बढ़ रहा है। नए बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज और कृषि महाविद्यालय जैसे बड़े संस्थानों के एक ही क्षेत्र में विकसित होने से आने वाले समय में इस मार्ग पर यातायात का दबाव कई गुना बढ़ने की संभावना है। प्रशासन ने इसी स्थिति का पूर्वानुमान लगाते हुए समय रहते गौरव पथ के निर्माण का निर्णय लिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अभी से वैकल्पिक सड़क नेटवर्क विकसित नहीं किया गया तो भविष्य में शहर को जाम और यातायात अव्यवस्था जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। गौरव पथ न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि अगले कई वर्षों तक शहर के विकास की आधारभूत संरचना को भी मजबूती प्रदान करेगा। यह मार्ग नए बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज, कृषि महाविद्यालय और बायपास को जोड़ते हुए शहर के विकास का नया कॉरिडोर बनने जा रहा है, जिससे आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

## नए सत्र से पहले भी समस्याओं से घिरा मुरता स्कूल शौचालय, पेयजल और शिक्षकों की कमी बनीं चुनौती

### 545 विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़






आज शैक्षणिक सत्र की घंटी बजने जा रही है, लेकिन मुरता के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की घंटी अब तक नहीं बजी है। करीब 545 विद्यार्थियों वाले इस स्कूल में न तो शौचालय की समुचित व्यवस्था है, न ही पेयजल की पर्याप्त सुविधा और ऊपर से शिक्षकों की कमी अलग। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दें या रोजमर्रा की बुनियादी समस्याओं से जूझते रहें।

विद्यालय में पिछले सत्र में 220 छात्र और 325 छात्राएं अध्ययनरत थी। सबसे अधिक परेशानी छात्राओं को हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस उम्र में बेटियों को सपनों की उड़ान भरनी चाहिए, उस उम्र में वे शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति, अभिभावकों और ग्रामीणों द्वारा कई बार अधिकारियों को आवेदन दिए गए, सुशासन तिहार में भी मांग रखी गई, लेकिन फाइलें शायद अभी भी सुविधा आने की प्रतीक्षा में हैं। परिणाम यह है कि नया सत्र शुरू हो रहा है, लेकिन पुरानी समस्याएं जस की तस खड़ी हैं। शिक्षकों की कमी भी विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर डाल रही है। कई विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के दावे तो खूब होते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में स्कूल अब भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लोकेश साहू ने जल्द ही शौचालय निर्माण, पेयजल व्यवस्था और शिक्षकों की नियुक्ति मांग की है ।

## श्रीरामचरित मानस के अखंड पाठ की पूर्णाहुति में वैदिक मंत्रों के साथ हुआ हवन पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के राधा-कृष्ण राम मंदिर में विगत एक माह से चल रहे श्रीरामचरित मानस के अखंड पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठानों का समापन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन और पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। पूर्णाहुति के अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से खचाखच भरा रहा और पूरा वातावरण रामनाम के जयघोष से भक्तिमय हो उठा।

यज्ञाचार्य शेखर प्रसाद शर्मा के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास की प्रतिपदा से प्रारंभ हुआ यह धार्मिक आयोजन पूरे माह नियमित रूप से संचालित होता रहा। समापन दिवस पर मंदिर को आकर्षक फूल-मालाओं एवं विद्युत सज्जा से सजाया गया था, जिससे मंदिर परिसर की भव्यता देखते ही बन रही थी। पूर्णाहुति के मुख्य यजमान किरण शिव पाठक एवं हेमलता नाथू साहू सपत्नीक पीले वस्त्र धारण कर वैदिक विधि-विधान से हवन में शामिल हुए और श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कीं। इस दौरान श्रीरामचरित मानस के उत्तरकांड का पाठ, राम रक्षा स्तोत्र का सस्वर वाचन तथा महाआरती का आयोजन किया गया। अपने उद्बोधन में यज्ञाचार्य शेखर प्रसाद शर्मा ने कहा कि पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु को समर्पित अत्यंत पुण्यदायी मास है। इस अवधि में किया गया जप, तप, दान, संकीर्तन और राम नाम का स्मरण सामान्य दिनों की अपेक्षा अनेक गुना अधिक फलदायी माना गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों में निरंतर सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुरेंद्र मोहन, टीकाराम, रामनारायण पाठक, मिंटू बिसेन, बबलू ताम्रकार, अरुण बरनवाल, लक्ष्मीचंद जैन, विनोद साहू, खेलन यादव, पुनीत सिन्हा, बलिराम सिन्हा, शत्रुघ्न सोनकर, सुखनंदन निषाद, दिलीप जायसवाल सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति में भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती के पश्चात प्रसादी एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे माह चले इस आध्यात्मिक आयोजन ने नगरवासियों को भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा-सुशासन व जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय, विश्वास व विकास का प्रतीकः शिवरतन

- भाजपा की प्रेस वार्ता में गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भाजपा जिला कबीरधाम द्वारा सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के विषय पर आयोजित इस प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता एवं भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने सुशासन, पारदर्शिता, राष्ट्रीय गौरव और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह 12 वर्ष केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, विकास और राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम अध्याय का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) और आधार आधारित सत्यापन के माध्यम से 4.31 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है। वहीं लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और 81 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते शामिल हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 57.79 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, फिट इंडिया, एक पेड़ मां के नाम, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों के माध्यम से सरकार ने जनभागीदारी को बढ़ावा देकर शासन को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है।

#### केन्द्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को मिला लाभ

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 4 करोड़ से अधिक पक्के मकानों का निर्माण हुआ है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से लगभग 11 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन तथा जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से अधिक घरों तक नल से जल पहुंचाया गया है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने आर्थिक विकास के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय अस्मिता को भी नई पहचान दी है। पंचतीर्थ, जनजातीय गौरव दिवस, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, नई संसद भवन, कर्तव्य पथ और हर घर तिरंगा जैसे अभियान राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक बने हैं। जी-20 की सफल अध्यक्षता और वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा देश की मजबूत अंतर्राष्ट्रीय पहचान को दर्शाती है।

### विशाल रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह आयोजित

**कवर्धा।** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर नई चमक रक्तदान एवं जनकल्याण समिति कबीरधाम द्वारा विंध्यवासिनी मंदिर परिसर स्थित साहू छात्रावास में विशाल रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिविर में 45 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया, वहीं कुल 50 रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

### डीयू में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 16 जून से आंमत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हेमचंद यादव विवि दुर्ग के अध्ययनशाला (यूटीडी) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। ऑनलाइन आवेदन 16 जून से शुरू होगा।

## मिड-डे मील की गुणवत्ता सुधारने रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण



**नवागढ़।** प्रधानमंत्री पोषण योजना (मिड-डे मील) के तहत विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में रसोइयों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा, पोषणयुक्त भोजन निर्माण तथा भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी हितेन्द्र कुमार बंजारे ने कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में पौष्टिक भोजन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालयों में भोजन तैयार करने वाली रसोइयां इस योजना की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए उनका प्रशिक्षित और जागरूक होना आवश्यक है।

प्रशिक्षण के दौरान रसोइयों को भोजन निर्माण के दौरान स्वच्छता के मानकों, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण, संतुलित आहार तथा गुणवत्ता नियंत्रण के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों ने व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से रसोइयों को बेहतर भोजन प्रबंधन के गुर भी सिखाए।

कार्यक्रम में बीआरसी के.के. साहू, एबीईओ डी.पी. कोइरी, मास्टर ट्रेनर जितेन्द्र चौहान, लेखू दास बजारे, भगवानदास कोठारी, जितेन्द्र राजपूत, मंगल चौहान, दौलत टंडन, भागीरती वर्मा एवं कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के अंत में सभी रसोइयों ने विद्यालयों में बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने तथा प्रधानमंत्री पोषण योजना के उद्देश्यों को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रसोइयों की सहभागिता रही।

### जन-कल्याणकारी योजनाओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

भाजपा कुण्डा मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र कोलेगांव की मासिक बैठक शनिवार को बूथ क्रमांक 247, सेमरकोना में आयोजित की गई। बैठक के दौरान क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सीधा-संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी अनुभव साझा किए। ग्रामीण महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से प्राप्त सहयोग एवं सम्मान के बारे में अपने अनुभव साझा किए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने पक्के आवास मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उपस्थित ग्रामीणों ने सड़कों, आवास, मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य विकास कार्यों में हुए बदलावों की सराहना करते हुए सरकार के प्रति अपना विश्वास जताया। कार्यक्रम के तहत हनुमान मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत तालाब की किनारे नीम एवं आम का पौधरोपण किया गया।

### पेज 9 के शेष

#### हाईवे किनारे भारी मात्रा ...

**बायो-मेडिकल वेस्ट के निपटान के सख्त नियम, फिर भी खुलेआम उल्लंघनः** विशेषज्ञों के अनुसार बायो-मेडिकल वेस्ट सामान्य कचरे की श्रेणी में नहीं आता। इसमें संक्रमित सिरिंज, रक्त अथवा दवाइयों से जुड़े अपशिष्ट, उपयोग किए गए मेडिकल उपकरण और अन्य जैविक सामग्री शामिल होती है। इनके निपटान के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कड़े नियम बनाए गए हैं। नियमानुसार ऐसे कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में संग्रहित कर अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया जाना चाहिए। इसके बावजूद सार्वजनिक स्थानों और मुख्य मार्गों के किनारे इस प्रकार का खतरनाक कचरा फेंका जाना गंभीर लापरवाही और कानून का उल्लंघन माना जाता है। **ग्रामीणों ने झोलाछाप डॉक्टरों पर जताया संदेहः** स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि इस गैरकानूनी कृत्य के पीछे क्षेत्र में सक्रिय झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध क्लीनिक संचालकों का हाथ हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों और आसपास के क्षेत्रों में कई स्थानों पर बिना अनुमति और बिना आवश्यक चिकित्सकीय मानकों के क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे लोगों द्वारा अपने अवैध उपचार कार्यों के सबूत मिटाने तथा खर्च बचाने के लिए मेडिकल कचरे को रात के अंधेरे में सुनसान स्थानों पर फेंके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि इस संबंध में अभी तक किसी जिम्मेदार व्यक्ति या संस्था की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। **प्रशासनिक उदासीनता पर उठ रहे सवालः** हाईवे जैसे व्यस्त मार्ग के किनारे खुले में पड़ा बायो-मेडिकल वेस्ट संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निगरानी और कार्रवाई की जाती तो इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े इतने गंभीर मामले में भी जिम्मेदार अधिकारी सक्रिय नजर नहीं आ रहे हैं।

#### आज से शैक्षणिक ...

खम्हरिया तहसील क्षेत्र के सभी संकूल के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या लगातार घटती जा रही है। पालकों और शिक्षकों का मानना है कि शिक्षकों की कमी और गैर-शैक्षणिक कार्य इसका बड़ा कारण है, जबकि शिक्षा विभाग इस पर स्पष्ट जवाब देने से बचता नजर आ रहा है पालकों का कहना है कि स्कूलों में पर्याप्त सुविधाओं और शिक्षकों की कमी के कारण वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने को मजबूर हैं। शिक्षक भी सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या के पीछे शिक्षकों की कमी और गैर-शैक्षणिक कार्यों का दबाव जिम्मेदार मान रहे हैं। उनका कहना है कि विभिन्न शासकीय कार्यों में व्यस्त रहने के कारण शिक्षक विद्यार्थियों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होती है।युक्तियुक्तकरण के चलते अब प्राथमिक शाला मे 5 कक्षा के लिए केवल दो शिक्षक मिडिल सकूल मे प्रधानपाठक सहित 4 शिक्षक से पठन कार्य काफी प्रभावित होता है यही कारण है की अब पालको की मानसकता निजि स्कूल ओर बढ रही है।

#### अवैध रेत परिवहन पर ...

विभागों को नियमित निगरानी और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई जिला प्रशासन ने खनिज व्यवसाय से जुड़े लोगों और वाहन संचालकों से अपील की है कि वे खनिजों का परिवहन केवल वैध अनुमति और निर्धारित नियमों के अनुरूप करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### खुरुसबोड में विकास के ...

को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना था, वे कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं। विकास कार्यों में कथित अनियमितता और उदासीनता के कारण गांव की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। **मानसून से पहले सुधार की मांगः** ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बारिश के मौसम के दौरान संभावित संकट को देखते हुए तत्काल नाली निर्माण, जल निकासी व्यवस्था और सड़क मरम्मत का कार्य कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में आवागमन पूरी तरह बाधित होने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।

#### जनदर्शन में आमजन ...

संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### होटल रियो में ऑनलाइन सट्टा लगाते दो गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टे का खेलने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि खम्हरिया स्थित रियो होटल में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने सेक्टर 6 निवासी शेख अकरम और सेक्टर 7 अनीष कुमार को पकड़ा है। उनके पास से मोबाइल फोन, टैब और 60 हजार रुपये नकद समेत 1.25 लाख रुपये का सामान जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रियों होटल में दबिश दिया था। शेख अकरम और अनीष मिलकर मोबाइल, टैब के जरिए ऑनलाइन सट्टा का कारोबार संचालित करते थे। पुलिस ने दोनों के मोबाइल और टैब की जांच कर रही है। ऑनलाइन बेटिंग से जुड़े कई प्रमाण पुलिस को मिले। पूछताछ में आरोपियों ने 'सिक्किम' नामक ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म के जरिए सट्टा खेलने की बात स्वीकार किया। जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से इस नेटवर्क से जुड़े हुए थे और ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में बड़ी रकम का लेन-देन भी करते थे। मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 07 के तहत कार्रवाई की है। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### म्यूल अकाउंट मामले में 3 युवक पुलिस की पकड़ में

**भिलाई।** म्यूल अकाउंट मामले में पुलिस ने तीन युवकों को फिर गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि पवन दास मानिकपुरी, करण रंगारी, नरेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल एवं पुलिस मुख्यालय से सूचना के आधार पर केनरा बैंक के खातों का परीक्षण किया गया। इस दौरान साइबर ठगी प्रकरणों के रकम म्यूल खातों में ट्रांसफर किया जाना पता चला। जांच में वर्ष 2024 से वर्ष 2026 के मध्य इन खातों के माध्यम से साइबर ठगी के रकम अन्य खातों में ट्रांसफर एवं आहरित किया गया था। 99 संदिग्ध खाताधारकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है। जांच के दौरान बैंक से केवाईसी, खाता विवरण,ट्रांजेक्शन स्टेटमेंट का परीक्षण भी किया गया। जिसमें आरोपियों के खातों में लाखों रुपये के अनाधिकृत लेन-देन पाए गए। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बैंक खाते, पासबुक, एटीएम कार्ड,मोबाइल सिम अन्य व्यक्तियों को साइबर ठगी से मिले अवैध आर्थिक लेन-देन के लिए उपलब्ध कराना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से केनरा बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, मोबाइल सिम कार्ड,बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज जब्त किया गया है।

**आयोजन :** भाजपा की प्रेस वार्ता में गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां, कहा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में बढ़ रहा देश

# मोदी ने 12 वर्षों में बदला भारत का स्वरूप, गरीब से लेकर वैश्विक मंच तक दिखा विकास का नया अध्याय : श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त संजय श्रीवास्तव ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से पत्रकारों के समक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं तथा देश आज विश्व पटल पर एक सशक्त और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आया है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की सभी नीतियों का केंद्र बिंदु गरीब, किसान, महिला, युवा और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उत्थान रहा है। सरकार ने /"सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास/" के मूल मंत्र के साथ देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसे चुनौतीपूर्ण दौर में भी केंद्र सरकार ने गरीबों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से करोड़ों जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया, जिससे किसी भी गरीब परिवार को भूखा नहीं रहना पड़ा। यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजनाओं में से एक है।



**किसानों के खातों में पहुंच रही सीधी सहायता**

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। इसके तहत किसानों के बैंक खातों में प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता सीधे हस्तांतरित की जा रही है। इससे किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में मदद मिली है और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में सड़क,रेल, हवाई अड्डों, बंदरगाहों और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान ने शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत किया है। जनधन, आधार और मोबाइल तकनीक के समन्वय से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) व्यवस्था को प्रभावी बनाया गया है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है और योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रहा है ।

उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराकर उन्हें धुएं से मुक्ति दिलाई गई और उनके स्वास्थ्य व जीवन स्तर में सुधार लाया गया। श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के पक्के घर का सपना साकार किया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लाखों परिवारों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे करोड़ों लोगों को आर्थिक राहत मिली है।

### विश्व मंच पर बढ़ा भारत का सम्मान

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुखी बनी है। जी-20 जैसे वैश्विक आयोजनों में भारत ने अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका पहले से कहीं अधिक मजबूत और प्रभावशाली हुई है । छत्तीसगढ़ के संदर्भ में संजय श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाखों नागरिकों तक पहुंच रहा है। खाद्य सुरक्षा, किसानों के कल्याण, गरीबों के उत्थान और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के क्षेत्र में अनेक योजनाएं सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से प्रदेश के विकास को नई गति मिली है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समाज और शासन के बीच संवाद स्थापित करने में मीडिया की बड़ी जिम्मेदारी है। सकारात्मक जनजागरूकता और विकास की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका सराहनीय रही है।

### प्रमुख रूप से रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, छत्तीसगढ़ रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, भाजपा मीडिया प्रभारी दीपक मोटवानी, केशव साहू, नीलू प्रवीण राजपूत सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यालय खुलने से पहले शिक्षा विभाग अलर्ट 44 संकुल समन्वयकों की हुई महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

- नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर होगा स्वागत
- शिक्षकों की समयबद्ध उपस्थिति व स्कूलों की तैयारियों पर दिए गए सख्त निर्देश

नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत से पहले विकासखंड साजा में शिक्षा विभाग पूरी तरह सक्रिय नजर आया। सोमवार को बीआरसी कार्यालय साजा में विकासखंड के सभी 44 संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विद्यालयों के संचालन, विद्यार्थियों के स्वागत और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक (बीआरसी) खोमलाल साहू ने की।



अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 16 जून से सभी विद्यालय निर्धारित समय पर खुलेंगे तथा नियमित अध्ययन-अध्यापन प्रारंभ होगा। इसे देखते हुए विद्यालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शौचालयों, रसोईघर एवं अन्य आवश्यक स्थानों की साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रथम दिवस पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया जाए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सरपंचों तथा ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए बच्चों को सम्मानपूर्वक कक्षाओं में प्रवेश दिलाने को कहा गया।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रवंशी ने सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचने, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था सुचारू रखने तथा विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, मध्यान्ह भोजन की ऑनलाइन एंट्री सहित विभिन्न प्रशासनिक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया गया। बीआरसी खोमलाल साहू ने यू-डाइस में विद्यार्थियों की प्रोग्रेशन एंट्री, अपार आईडी, एमबीयू वैलिडेशन तथा छात्र संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों से नियमित रूप से लेखन कौशल, पठन कौशल और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार लाने का आह्वान किया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी, बीआरसी खोमलाल साहू सहित विकासखंड के सभी 44 संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### संस्कारों और राष्ट्रभाव को मजबूत करेगा सरकार का निर्णयः आशीष जैन

**नवागढ़।** भाजपा सोशल मीडिया अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहप्रभारी आशीष जैन ने विद्यालयों में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, भोजन मंत्र, गायत्री मंत्र एवं शांति मंत्र को शामिल करने के राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय चेतना और चरित्र निर्माण को सशक्त करने वाली ऐतिहासिक पहल बताया।



आशीष जैन ने कहा कि यह किसी धर्म विशेष का प्रचार नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, कृतज्ञता, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का प्रयास है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# जिया में 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत स्वच्छता और पौधारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ग्रामीण मंडल प्रभारी विजय सिन्हा ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 12 साल बेमिसाल अभियान के अंतर्गत ग्रामीण मंडल प्रभारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने ग्राम जिया में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।



इस दौरान विजय सिन्हा ने ग्रामीणों के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा लोगों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर योजनाओं से प्राप्त हो रहे लाभों की जानकारी ली। साथ ही सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क किया गया। विजय सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गजानंद साहू, प्रबल सिंह ठाकुर, देवेंद्र वैष्णव, अशोक साहू, डेय वर्मा, तेज सिंह वर्मा, वैभव तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# पांच साल से शोपीस बनी पानी टंकी, 'हर घर नल से जल' योजना पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ग्रामीण आज भी हैंडपंप और टैंकरों के भरोसे

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित 'हर घर नल से जल' योजना की जमीनी हकीकत ग्राम पंचायत कठिया में सवालों के घेरे में है। यहां करीब पांच वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से निर्मित ओवरहेड पानी टंकी आज भी केवल एक ढांचा बनकर खड़ी है। ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी निर्माण के बाद से अब तक इसमें से एक बूंद पानी भी गांव के किसी घर तक नहीं पहुंचा है। गांव में बनी पानी टंकी और जलापूर्ति व्यवस्था का लाभ मिलने की उम्मीद लेकर ग्रामीणों ने वर्षों तक इंतजार किया, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि न तो घरों तक समुचित पाइपलाइन बिछाई गई और न ही पानी सप्लाई के लिए आवश्यक पंप- मोटर को नियमित रूप से चालू किया गया।



परिणाम स्वरूप करोड़ों की योजनाओं के दावों के बीच कठिया के लोगों को आज भी पीने के पानी के लिए हैंडपंप और अन्य वैकल्पिक स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

**गर्मी में बढ़ जाती है परेशानी:** ग्रामीणों के अनुसार गर्मी के मौसम में जलसंकट और भी गंभीर हो जाता है। कई हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चले जाने से लोगों को दूर-दूर तक पानी के लिए भटकना पड़ता है। कई बार टैंकरों के सहारे पेयजल की व्यवस्था करनी पड़ती है। महिलाओं और बच्चों को रोजाना पानी लाने के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है, जिससे उनका समय और श्रम दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

### लाखों खर्च, लेकिन लाभ शून्य

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार ने योजना के तहत लाखों रुपये खर्च कर टंकी तो बना दी, लेकिन उसे चालू कराने और घरों तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। इससे सरकारी राशि के उपयोग और योजना के क्रियान्वयन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि योजना का लाभ नहीं मिलना था तो इतनी बड़ी राशि खर्च करने का औचित्य क्या है।

**ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश:** पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रहने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक समाधान नहीं निकल सका। गांववासियों ने जल्द से जल्द जलापूर्ति व्यवस्था शुरू कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि यदि योजना अधूरी है तो उसे तत्काल पूरा किया जाए और यदि निर्माण के बाद भी उसे चालू नहीं किया गया है तो इसके लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाए।

उनका कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब वे धरातल पर प्रभावी रूप से संचालित हों। ग्रामीणों का कहना है पांच साल पहले पानी टंकी बन गई थी। हमें उम्मीद थी कि घर-घर पानी पहुंचेगा, लेकिन आज तक नलों में पानी नहीं आया। गर्मी में पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम कठिया की यह तस्वीर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।